समारोह

आदर्श व्यायाम शाला रांझी में वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

# कुश्ती और शरीर सौष्ठव के पुराने दिग्गज हुए सम्मानित




**नवभारत, जबलपुर।** आदर्श व्यायाम शाला में हाल ही में 1970-80 के दशक के भारतीय कुश्ती और शरीर सौष्ठव के वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंट विधायक अशोक रोहाणी और म.प्र. ए.बी.पी.एफ. अध्यक्ष सुमित कालिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों अशोक रोहाणी, सुमित कालिया, सलीम खान, प्रशांत मिश्रा, और शिव यादव ने अपने उदबोधन में इन खेलों को और बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आदर्श व्यायाम शाला के संचालक देवेन्द्र सरीन ने बताया कि यह शायद पहला मौका था जब शरीर सौष्ठव और कुश्ती से जुड़े इतने लोग एकत्रित हुए।

## ये पहलवान और खिलाड़ी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में कई प्रमुख खिलाड़ियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प माला और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। जिसमें पूर्व सी. एस. पी. द्वै पहलवान: सलीम खान एवं अनिल वैद्य, भारतीय कुश्ती महासचिव: पहलवान अर्जुन यादव, विक्रम अवार्डी पहलवान: मन्नू पहलवान, असलीम खान पहलवान, बड़े हीरा चकवर्ती पहलवान, गुलाब पहलवान, दालचंद रजक पहलवान, संस्कार कांवड़ के प्रमुख शिव यादव पहलवान, हॉकी अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी सुश्री मधु यादव, वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय खिलाड़ी सरदार परमजीत सिंह, महाकौशल कीड़ा के प्रमुख एड. प्रशांत मिश्रा आदि सम्मानित हुए।

## समाजसेवी और संस्थाओं का रहा योगदान

कार्यक्रम में कदम संस्था के प्रमुख योगेश गनोरे, समाजसेवी मगन पटारिया, वीरेन्द्र सिंह, जोगराज कोहली, राजू अरोरा, और टोनी अग्रवाल की उपस्थिति सराहनीय रही। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों राहुल सरीन, दक्ष हल्दकार, पवन कुमार, और निरज सिंह ने मासपेशियों का प्रदर्शन कर कार्यक्रम को रोचक बनाया। कार्यक्रम की सफलता में धीरज जग्गी, राजकुमार वर्मा, एल्बिन डिसूजा, विवेक राव, विनोद चौधरी, मनोज यादव, अल्तमस खान, और एहफाज अंसारी का विशेष योगदान रहा।



# महावीर ब्वॉयज पिपरिया ने 16 रन से जीता मुकाबला

कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** 27वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट के मैच संख्या 5 का रोमांचक मुकाबला 31 मार्च 2026 को ओलंपिक स्टेडियम, खमरिया में खेला गया। स्टार क्लब जीसीएफ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, और निर्धारित 10 ओवर की पारी में महावीर बॉयज पिपरिया ने 9 विकेट पर 77 रन बनाए। जवाब में स्टार क्लब जीसीएफ की टीम 10 ओवर में 61 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार महावीर बॉयज पिपरिया ने 16 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए आशीष झारिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की जिम्मेदारी नेहारा जी और भूपेंद्र मीना जी ने निभाई, स्कोरकीपर की भूमिका में निलेश गुले जी और कमेंट्री गजेंद्र पाल सिंह जी ने की। खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन जी, सचिव विनय चवारे जी, समस्त यूनियन पदाधिकारी एवं ग्राउंड कमेटी सदस्य अर्णब रॉय जी, आशीष श्रीवास्तव जी और ब्रिजेश जी भी इस मैच में उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की नवगठित जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई जबलपुर की एक बैठक 31 मार्च मंगलवार को परिषद कार्यालय पर संपन्न हुई। इस बैठक में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक गंगा पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी, सहित प्रदेश संयोजक मदन अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया के विशिष्ट उपस्थिति में जबलपुर जिले की नवगठित जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी जिसमें जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव और समस्त पदाधिकारीयों की यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस महत्वपूर्ण बैठक में जबलपुर जिला इकाई के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहें ह्य इस बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं कर प्रस्ताव भी पारित किए गए।

# चाकूबाजी में चाचा-भतीजे समेत चार घायल

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में हुई चाकूबाजी में चाचा भतीजे समेत चार लोग घायल हो गए। ये वारदातें माढ़ोताल, ग्वारीघाट, खमरिया थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने तीनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ग्वारीघाट पुलिस के मुताबिक निशांत पटेल निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट बहन नीतू पटेल के यहां घर पहुंचे जहां दुकान संचालक मोहित केवट अ न्य विवाद कर रहे थे। निशांत ने समझाने की कोशिश की तो मोहित, उसके साथी दीपक जाटव, बाबी एवं भरत ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। दीपक ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि मोहम्मद हासिप निवासी मोहरिया का कार बाजार में वाहनों की डेंटिंग पेंटिंग का काम कर रहा था तभी आसिफ, फरहान पहुंचे और शराब पीने रूपए मांगने लगे मना करने पर फरहान ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

इसी प्रकार खमरिया पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश चौधरी निवासी प्रेमनगर पिपरिया का जब घर के पास खड़ा था तभी मोहल्ले का दीपक उर्फ भाई चौधरी आकर उससे सट्टा का नम्बर पूछने लगा, उसने कहा सट्टा नहीं खेलता हूँ तो दीपक शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, मना करने पर दीपक ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। उसका भतीजा शनि चौधरी बीच बचाव करने आया तो शनि पर भी चाकू से हमला कर दिया।




## रणभूमि इनफिनिटी 11 और जेपी बॉयज फाइनल में

**नवभारत, जबलपुर।** लेदर बॉल हुए पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल मुकाबलों में जेपी बॉयज और रणभूमि इनफिनिटी 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जेपी बॉयज ने जबलपुर डिफेंस को 136 रन से मात दी। डीबी बॉस ने पहले बल्लेबाजी कर 222 रन बनाए, जबकि जबलपुर डिफेंस केवल 86 रन पर ऑल आउट हुई। रणभूमि इनफिनिटी 11 ने 20 ओवर में 243 रन का विशाल स्कोर बनाया। जबलपुर क्रिकेट क्लब 152 रन ही बना सकी और 90 रन से हार गई। फाइनल मुकाबला अब रणभूमि इनफिनिटी 11 बनाम जेपी बॉयज के बीच होगा।

# पुस्तक मेला न केवल विद्यार्थियों बल्कि पुस्तक प्रेमियों के लिए सौगात : उपाध्यक्ष






पुस्तक मेले में सातवें दिन भी बच्चों और अभिभावकों ने उठाया छूट का लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** तीन साल पहले जबलपुर के अभिभावकों को दुकानों पर स्कूल सामग्री के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ती थी, लेकिन जिला प्रशासन की इस पहल ने पालकों को बड़ी राहत दी है। यह मेला न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि सभी पुस्तक प्रेमियों के लिए भी एक बेहतरीन सौगात है। यहाँ स्कूल की समस्त सामग्री किफायती दामों पर उपलब्ध है, जिससे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

उक्त बातें पुस्तक मेला के सातवें दिन जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक पी पी सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त संचालक पी पी सिंह ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद के 'गोदान' जैसे साहित्य को पढ़ते समय पात्र सजीव हो उठते हैं। उन्होंने पठन-पाठन की महत्ता बताते नागरिकों का आह्वान किया कि डिजिटल युग में भी स्वाध्याय के लिए समय निकालें, क्योंकि पुस्तक पढ़ने का आनंद अद्वितीय है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बने मनोरंजन का साधन

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल ने शिक्षा विभाग की पूरी टीम और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पालकों और बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन भी बना हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मेला हर साल इसी तरह आयोजित होता रहेगा।

### 20 से 50 प्रतिशत तक मिल रही छूट

जिला प्रशासन द्वारा न्यूनतम एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म उपलब्ध कराने गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित किये जा रहे बारह दिनों के पुस्तक मेला में सातवें दिन भी बड़ी संख्या में बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी-किताबें यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर 20 से 50 प्रतिशत तक मिल रही छूट का लाभ उठाया।




# तेरी महफिल में ...सदाबहार नगमों की एक यादगार शाम

पाथेय संगीत एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** जानेमन जानेमन, नाच मेरी जान, बाय-बाय मिस गुड नाइट, तेरी महफिल में..., जैसे एक से बढ़कर एक सदाबहार मधुर गीतों का दर्शकों ने झूम-झूमकर आनन्द लिया। अवसर था पाथेय संगीत एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सदाबहार नगमों की एक यादगार शाम का। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार दुबे द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश वंदना से हुआ। संगीत संयोजक अनिकेत देवक थे। पाथेय संगीत के कलाकार अर्चना गोस्वामी, डॉ. कृष्ण कुमार दुबे, पल्लवी फाटक, मयंक विश्वकर्मा, डॉ. अनिल कोरी, डॉ. आज्ञा मिश्रा, दीप्ति रॉय, अतुल तिवारी, मीनाक्षी शर्मा, नेहा खरे, अवनि विश्वकर्मा, राजेश तिवारी, इंजी. जी वी अग्रवाल, विनीता पैगवार, सारंग कुमार दुबे ने सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू गोरे द्वारा किया गया। मार्गदर्शन राजेश पाठक 'प्रवीण' का रहा। इस अवसर पर दीपचंद विनोदिया द्वारा संग्रहित दुर्लभ संगीत सामग्रियों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में प्रो एच.बी.पालन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, पंकज शाह, डॉ मृदुला सिंह, डॉ संध्या जैन श्रुति, कृष्णकांत अगग्रवाल, संतोष नेमा, नंदकुमार जैन सहित अनेक कलाप्रेमियों की उपस्थिति रही।

# उधारी ब्याज समेत चुकाई, मकान हड़पने रची साजिश



**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को दो लाख रूपए उधार लेना उस वक्त महंगा पड़ गया ब्याज समेत उधारी चुकाने के बाद भी 70 हजार की और डिमांड कर गिरवी रखे मकान के दस्तावेजों के जरिए उसके मकान को हड़पने की साजिश रची जाने लगी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित मोहम्मद सईद पिता स्व. अब्दुल हमीद निवासी ढलगर मोहल्ला हनुमानताल ने बताया कि करीब 11 माह पूर्व उसका अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया था। पड़ोसी असलम खां के जरिए अशोक खत्री नामक व्यक्ति के पास अपने मकान के कागजात गिरवी रखकर उससे दो लाख रुपये उधार लिया था जिसके बाद उस पर अब मकान बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। षडयंत्र रच कूटरचित दस्तावेजों पर उसके हस्ताक्षर भी करा लिये है। जबकि उसने 20 हजार रुपया ब्याज भी दे चुका है। 70 हजार रूपए और ब्याज जोड़कर उसे बेदखल कर कब्जा करना चाह रहे है। पूर्व में मामले की शिकायत थाने में की थी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

## साहब..बदमाश कर रहे छेड़छाड़, नहीं हो रही कार्रवाई



**नवभारत, जबलपुर।** साहब...हमारे क्षेत्र में बदमाश बाहरी लड़कों को बुलाकर महिलाओं, बेटियों के साथ छेड़छाड़ कर रहे है और पुलिस को कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यह शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई। पीड़िता भावना पेसेल पति महेश पेसेल निवासी निवासी न्यू कछियाना, खेरमाई मंदिर के पास, की अन्य महिलाओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और बताया कि अरमान, रवि शक्तेल, लज्जू, विनय, आयुष हमारे घर के पास ही निवास करते है जो बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर महिलाओं से छेड़छाड़ करते हुए गुंडागर्दी करते हे। 27 मार्च की रात्रि दस बजे उसके घर के कैमरे भी तोड़ दिए गए। उसके भाइ अभिलाष पर तलवार से हमला किया। थाने में शिकायत की लेकिन मुख्य आरोपी अरमान का नाम दर्ज नहीं किया गया। पुलिस ने बदमाशों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### चोरी की रिपोर्ट पर कार्रवाई

सुनील कुमार दीक्षित 55 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड, रामायण मंदिर के पीछे सूपाताल, गढ़ा ने शिकायत करते हुए बताया कि 21 मार्च की रात्रि घर में रखे जेवर गायब हो गए थे। मामले की शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है।

# शराबी पति ने पत्नी पर किया चाकू से वार

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत कटरा मस्जिद के पास शराबी पति पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पत्नी अपने मायके में आयोजित एक दावत में शामिल होने गई थी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद अरफान (41) निवासी कटरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बहन शमा मंसूरी का विवाह वर्ष 2023 में पसियाना निवासी मोहम्मद नौशाद मंसूरी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद से ही नौशाद शराब का अत्यधिक सेवन करने लगा, जिससे घर में आए दिन कलह होने लगी। पति की शराबखोरी और ससुराल वालों के खराब व्यवहार के कारण शमा पिछले दो महीनों से अपने मायके कटरा में रह रही थी।बीती रात शमा के मायके में एक पारिवारिक दावत का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में शमा के ससुराल पक्ष से उसका पति नौशाद मंसूरी, कासिम और बबलू भी शामिल हुए थे। दावत खत्म होने के बाद नौशाद ने शमा को अकेले में ले जाकर शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग की। जब शमा ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो नौशाद आपा खो बैठा। शोर सुनकर जब शमा के भाई अरफान और मोहम्मद ईशाक बीच-बचाव के लिए दौड़े, तब तक आरोपी नौशाद ने जेब से चाकू निकालकर शमा पर हमला कर दिया।

## इनामी बदमाश छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने इनामी बदमाश रवि उईके को छत्तीसगढ़ रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। पुलिस के अनुसार, बीती 4 अगस्त 2025 को चेरीताल निवासी नरेंद्र चौधरी (38) की शिकायत पर लार्डगंज थाने में अवैध वसूली समेत अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी रवि उईके (35) फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने 4 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। लार्डगंज पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर रायपुर में दबिश दी और घेराबंदी कर रवि उईके को धर दबोचा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मूलत: रायपुर के टिन्डा नौरा का रहने वाला है और साल 2023 में रायपुर में दर्ज एक हत्या के सनसनीखेज मामले में भी फरार चल रहा था। रायपुर पुलिस ने भी उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस टीम आरोपी को रायपुर से ट्रांजिट रिमांड पर जबलपुर लेकर आई है जिससे पूछताछ की जा रही है।

# हृदय रोग से ग्रसित 2 वर्षीय दित्या को मिला नया जीवन

आयुष्मान भारत योजना से मुंबई में हुआ नि :शुल्क सफल ऑपरेशन



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना से जबलपुर के पनागर क्षेत्र स्थित पिपरिया खिरिया निवासी 2 वर्ष 1 माह की बालिका दित्या पटैल को गंभीर हृदय रोग से मुक्ति दिलाकर नया जीवन प्रदान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम के डॉ. रज़ी नफीस एवं डॉ. किरण मिश्रा ने बच्ची में हृदय संबंधी गंभीर समस्या की पहचान की। इसकी जानकारी जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला को दी गई, जिसके बाद विशेषज्ञों से जांच कराकर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में बच्ची का पंजीयन कर परिजनों की सहमति से उसे नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया गया। 23 मार्च 2026 को वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बालिका की सफल हृदय सर्जरी नि:शुल्क की गई। सर्जरी के बाद बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं आरबीएसके टीम का आभार व्यक्त करते हुए योजना को गरीब परिवारों के लिए वरदान बताया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO- 1036 Date-31/03/2026 | संभाग क्र.11 अंतर्गत आने वाले वार्डो में स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 हेतु सी.सी./पी.टी. शौचालय, चेम्बर, पेबर ब्लॉक, रंगाई-पुताई मरम्मत एवं अन्य आवश्यक कार्य। (सलंग्र सूची अनुसार) | 02 माह | 2000/- | 16/04/2026 |
| | 2026_UAD_ 495980_1 | | ₹18.23 लाख | 13,747/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर